मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान, झुन्झुनू

क्रमांक:–मुजिशिअ/झु/2019-20/ 1666-67 दिनांक:–22/10/2019

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक,
समस्त –मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
समस्त – पीईईओ
जिला – झुंझुनू

विषय :– विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों को विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संबंधी ज्ञान को प्रोत्साहित करने के सम्बन्ध में ।

प्रसंग:– श्रीमान उपनिदेशक मा.शिक्षा राजस्थान बीकानेर के पत्रांक शिविरा/माध्य/माध्यमिक/CCRT/2017 दिनांक 16.9.2019

उपर्युक्त विषयान्तर्गत एवं प्रसंगानुसार लेख है सीएसआईआर– राष्ट्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और विकास अध्ययन संस्थान भारत सरकार द्वारा कार्यक्रम के माध्यम से भारत सरकार विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं मानविकी विषयों में कक्षा 5 से 12 तक अध्ययन करने वाले प्रतिभाशाली और गुणवान विद्यार्थियों का चयन किया जाना है जो राजकीय व निजी विद्यालयों में अध्ययनरत हैं, निदेशक, राष्ट्रीय विज्ञान, प्रौद्योगिकी और विकास अध्ययन संस्थान, नई दिल्ली के पत्रांक संख्या/एनआईएस/डीआईआर/लेटर्स/2019 (16) जो सीएसआईआर द्वारा संचालित KAMP (Knowledge and Awereness Mapping Platform कार्यक्रम के अन्तर्गत कक्षा 5 से 12 तक अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों में विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी संबंधी ज्ञान को प्रोत्साहित करने से संबंधित है, के द्वारा अवगत कराया गया है कि KAMP का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की वैज्ञानिक और तकनीकी प्रकृति को पहचानना एवं उसे प्रोत्साहित करना है जिससे भारत विज्ञान प्रौद्योगिकी तथा मानविकी क्षेत्रों में वैश्विक नेतृत्व कर सके, के संबंध में विद्यालय स्तर पर आवश्यक कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित किया गया है ।

अतः उक्त अनुक्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि कृपया उपरोक्त विषयक विस्तृत जानकारी संबंधित वेबसाईट http://kamp.nistads.res.in से प्राप्त करते हुए अपने विद्यालय के अध्ययनरत विद्यार्थियों को अवगत कराते हुए आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें । उक्त के अतिरिक्त आपको यह भी अवगत कराना है कि उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत एक परीक्षा का आयोजन किया जाना है तथा उक्त परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा । अतएवं आपका व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है, जिससे विद्यार्थियों के अन्दर छुपी प्रतिभा को सम्मान प्राप्त हो सके । किसी भी असुविधा होने पर कृप्या हेल्प लाइन नम्बर 08448480146 पर सम्पर्क करें ।

22/10/19
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पदेन एवं
जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान, झुन्झुनू
दिनांक:–22/10/2019

क्रमाक:– मुजिशिअ/झु/2019–20/1666-67
प्रतिलिपि :–

1. श्रीमान निदेशक माध्य.शिक्षा राजस्थान बीकानेर
2. श्रीमान निजी सचीव प्रमुख शासन सचिव स्कूल शिक्षा विभाग राजस्थान जयपुर
3. श्रीमान संयुक्त निदेशक चूरू
4. श्रीमान प्रबन्धक निस्टैड्स
5. कार्यालय प्रति

22/10/19
मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी पदेन एवं
जिला परियोजना समन्वयक
समग्र शिक्षा अभियान, झुन्झुनू

Scanned by CamScanner